ऑवला *(Emblica officinalis),* बबूल *(Acacia auriculiformis),* करंज *(Pongamia pinnata),* सफेद शिरस *(Albizia procera),* अर्जून *(Terminalia arjuna),* शीशम *(Dalbergia sissoo)*

4. जल प्लावित भूमि (Water logged soil)

नीलगिरी *(Eucalyptus tereticornis),* करंज *(Pongamia pinnata),* अर्जून *(Terminalia arjuna),* सलई *(Boswellia serrata),* जामुन *(Syzygium cumini),* बबूल *(Acacia auriculiformis)*

5. अम्लीय भूमि (Acidic soil) pH 5.5 से कम

खैर *(Acacia catechu),* नीम *(Azadirachta indica),* करंज *(Pongamia pinnata),* सफेद शिरस *(Albizia procera),* शीशम *(Dalbergia sissoo),* बबूल *(Acacia auriculiformis),* ऑवला *(Emblica officinalis)*

The Prospect of Bio-fertilizers for Sustainable Plant Development

Rupnarayan Sett

Genetics & Plant Propagation Division, Tropical Forest Research Institute, Jabalpur

Agro-ecosystem is defined as a collection of agronomic crops and animals considered in the context of the biological, physical, social and economic environment. Bio-fertilizers act as renewable inputs helping in better crop nutrient management and maintenance of soil health; different bio-fertilizers including the role of VAM in plant growth is described henceforth.

To increase the agricultural output, agro-ecosystem integrated management is efficiently practiced; the integrated management of such a system can lead to establishing better performance. The paramount issues in agricultural production consist not only of yields per land unit but of qualities of food and fiber that can be produced and delivered per hectare of land, unit of energy and human time expended. The increase in crop production and land productivity in India is one of the essential steps to meet the food demand of the growing human population. With no possibility of stretching the land resources, increased agricultural production has to come through the adoption of better management technology. Increasing dry land farming and development technologies for arid lands with soil related constraints now acquire a new importance and emerges as a new frontier for agricultural development. Long term sustainability in agriculture is possible through:

- The use of low cost farm grown inputs which work in harmony with nature. Bio-fertilizers act as perpetually renewable inputs helping in better crop nutrient management and maintenance of soil health.
- Better soil and water management.
- By adoption of improved agricultural practices.

Trees and other plants survive on essential nutrients like nitrogen, phosphorus, potassium and several minerals they receive from soil and carbon source provided to them by photosynthesis. In agriculture, chemical fertilizers have been widely used, but their requirements have gone up substantially per plant because of the inefficient uptake by the plants resulting from their leaching away from soil, and reduced uptake by plants grown on soil from which microelements catalyzing the uptake of these fertilizers by plant have been depleted due to intensive crop production, thus resulting in the use of chemical fertilizers becoming a very costly affair.

Many a microbial inoculants have been developed for improved supply of nitrogen, phosphorus and trace elements to the plants for significant development. Application of bio-fertilizers as a major alternative tends to minimize the ecological disturbance. Most of the bio-fertilizers are formed by microbes like algae and fungi. They, so often portrayed as the simplest and humblest vestiges of life, are in fact the most versatile and talented, products of evolution. Stem-nodulating legumes such as *Sesbania rostreta* and incorporating *Azolla,* blue green algae and other sources of symbiotic and non-symbiotic nitrogen fixation in the farming system are fundamental to sustainable agriculture. The only disadvantage of the organic supplements is that they are required in bulk and they cannot be transported over distances. But this argument can be answered by the fact that most of these bulky organic supplements can be generated at the farm itself. The nutrient rich composts and bio-fertilizers also help in substituting market purchased inputs, and thus are economically attractive for the farming families.

Some of the important groups of bio-fertilizers are detailed below.

***Azolla-Anabaena* symbiosis**

Azolla is the globally distributed small aquatic fern comprising of 7 living species. In their leaves a heterocystous di-nitrogen-fixing blue green alga *Anabaena azollae* is always present as symbiont. *Azolla* is an alternative N source. The agronomic potential of *Azolla* as bio-fertilizer for rice has been recognized in many countries including India, Philippines, USA, Sri Lanka and Thailand. A trial under International Network on Soil fertility and Fertilizer Evaluation for Rice (INSFER) conducted at 37 sites in 10 countries also confirmed the bio-fertilizer potential of *Azolla*. *Azolla* when grown in fallow rice fields increased its fresh weight by 2-6 folds in a week and produced 330 tons fresh biomass ha^{-1} which was equivalent to 840 kg N.

Nitrogen-fixing bacteria *Rhizobium*

Symbiotic N_2 - fixation by *Rhizobium* with legumes contributes substantially to total biological nitrogen fixation (BNF). *Rhizobium* inoculation is a well known agronomic practice to ensure adequate nitrogen nutrition of legumes in place of fertilizer nitrogen. The three Rhizobial genera include *Rhizobium, Bradyrhizobium* and *Azorhizobium.* Root infection by Rhizobia is a multistep process initiated by pre-infection events in the rhizosphere. Various events which lead to the formation of nodules include mutual recognition of host plant and *Rhizobium* species, rhizobial adherence to the root hairs, root hair curling, root hair infection, division of cortical cell to form root primordia and finally formation of nitrogen-fixing tissues in the nodules. In the formation of nodules, several bacterial and plant genes are involved and structure, function and regulation of several such genes are now

known. Various bacterial genes involved in symbiosis are *nod, nif* and *fix* genes. Several plant genes, specifically induced in root tissues as a consequence of the interaction with Rhizobia, are known as nodulin genes. Rhizobia can infect wheat, rice, maize and oil seed rape forming nodule-like structures. The slow growing rhizobia are grouped under the genus *Bradyrhizobium* and the fast growing under the genus *Rhizobium.*

The ability to fix high amount of N (efficiency) is governed by the symbiotic capability between *Rhizobium* and the host plant. It may be necessary to introduce superior strains of *Rhizobium* to ensure adequate N_2 fixation for maximum growth and yields of the host plant. The performance of inoculation is variable. In pigeon-pea, significant increase in early nodulation due to inoculation was not always well correlated with the final grain yields. Increase in grain yield of the pigeon-pea ranged from 19 to 68% over un-inoculated controls.

Diazotrophs

Diazotrophs which comprise a large group of aerobic chemolithotrophs (*Thipobacillus, Desulphovibrio*), anaerobic photoautotrophs (members of Rhodospirillaceae, Chromatiaceae and Chlorobiaceae), aerobic to micro-aerobic heterotrophs (members of Azotobacteraceae and Bacillaceae), Corynebacteriaceae (*Azotobacter*) and Spirillaceae (*Azospirillum*) are the free-living as well as associative form which fix nitrogen in the rhizosphere of a variety of crop species. Diazotrophs like *Herbaspirillum* spp. grow endophytically in the stems and leaves of sugarcane and rice. *Azoarcus* inhibits roots of Kallar grass (*Leptochloa fusca*) and rice. Although many genera of bacteria are isolated from the rhizosphere of various cereals, many members of *Azotobacter* and *Azospirillum* genera have been widely tested to increase yields of cereals under field conditions. Many experiments have been performed in several countries to investigate the effect of inoculation of various strains of *Azotobacter chroococcum* and *Azospirillum* spp. on cereals and grasses. *Azotobacter* is effective only in soil with a native *Azotobacter* population. *Azospirillum* are the other useful inoculants. It is widespread in distribution and easy to culture and identify. In Israel, field experiments with *Azospirillum* were carried out using different cereal crops. Multi-location trials in India showed that seed inoculation with *A. brasilense* increased the mean grain yield of pearl millet significantly at 6 out of 9 locations tested.

Frankia

Frankia is a member of Actinomycetes or ray fungi. It forms nodules with higher plants like *Alnus* and *Elder*. There is a need to determine the defence response of a crop to *Frankia* and technologies to engineer the plant to nodule with *Frankia*. It produces true mycelium and the spores are not produced.

Cynobacteria

Species of *Anabaena, Nostoc, Scytonema, Calothrix, Aulosira, Nodularia, Lyngbya* and *Mastigocladus* etc. are able to fix nitrogen. Most of the crops which grow in plenty of water like rice etc. have association of these blue green algae or Cynobacteria. It is a common observation that if a soil is under rice cultivation there is native cynobacterial flora and may not need fresh inoculation. If crops are changed as in most parts of the country, there is need to use fresh inoculums. Usually a mixture of these algae is used and not monoculture. The cynobacterial flakes are mixed at the rate of 10^{15}kg ha^{-1} one week plantation.

Phosphate solubilizing bacteria

A large number of heterotrophic and autotrophic soil micro-organisms are now known to have the capacity to solubilize inorganic phosphates through their metabolic activities directly or indirectly. The solubilization of different types of insoluble phosphate varies with the type of microorganism, the type of phosphate available and available carbon source. Rhizosphere soil of wheat possesses a greater number of phosphate solubilizing bacteria than in the non-rhizosphere soil. *Bacillus* spp., *Pseudomonas* sp., *Brevibacterium* sp., *Acrobacter acrogens*, *Serretia* spp., *Nitrobacter* and *Escherichia freundii* are important phosphate solubilizing and phosphate mobilizing microbes. Phosphatic bio-fertilizer was first prepared by the Russian scientists using *Bacillus megaterium* var. *phosphaticum* as phosphate solubilizing bacteria and the product was termed as 'Phosphobacterin'.

Phosphate solubilizing fungi

Along with bacteria and actinomycetes certain fungi also solubilize phosphate. *Aspergillus awamori* has been found to be better solubilizer than *Bacillus polymyxa* or *Pseudomonas striata*. Phosphate solubilizing bacteria *Pseudomonas* and fungi *Aspergillus* are found in the rhizosphere of coconut and cocoa.

Plant growth promoting Rhizobacteria

Several strains in *Bacillus* have been patented for commercial production in developed countries. The plant growth promoters belonging to pseudomonads and bacilli play a major role in plant productivity. These are usually non-colonizers. The spore forming bacteria are promising organisms for microbial control. *Pseudomonas fluorescens* is registered as microbial pesticide against *Phythium* and *Rhizoctonia.*

Mycorrhiza for sustainable agriculture

The root fungus symbiosis is caused by mycorrhizae. The association of mycorrhiza is wide-spread in bryophytes, a large number of pteridophytes, most or all species of gymnosperms and some 90 per cent or more of angiosperms. The association of fungus and roots of higher plants is termed as 'mycorrhiza'. Forest crops may have

ectomycorrhizae while endomycorrhizae are present in most agricultural crops. These mycorrhizae differ in their structure and in the systematic position of the fungi involved. There are 8 distinctive types of *Eucalyptus* ectomycorrhizas. Tropical ectomycorrhizas are synthesized on *Pinus ponderosa* by four fungi species, viz., *Amanita muscaria*, *A. pantherina*, *Suillus granulatus* and *Lactarius deliciosus*. *Russula aeruginea* is another fungus forming ectomycorrhiza in *Picea*. Ectomycorrhizal fungi grow best at pH 5-6. Excess of inorganic fertilizers suppress ectomycorrhizal development. It has been found that optimal development of ectomycorrhiza in Chir Pine nurseries occur when nutrients are present in the soil at half the normal level. Shading suppresses ectomycorrhizal development. The poor development of mycorrhizal root results in the stunted growth and chlorosis of leaves. The mycorrhizal plants are able to withstand better water stress condition than the non-mycorrhizal seedlings. The mycorrhizae are described as 'Biofertilizer' and 'Biocide'. The multilayered mantle formed by *Pisolithus tinctorius* which envelops the entire root is typical ectomycorrhizae. The mantle of *P. bicolor* consists of sparse hyphae embedded in a considerable amount of mucilage, similar to ectomycorrhizae formed by *Wilcoxina* species on Pine. Arbutoid mycorrhizae (*P. tinctorius – Arbutus mycorrhizae* or association of ectomycorrhizae with *Arbutus*) may be a modified type of ectomycorrhiza, with structural difference determined largely by the host reaction to colonization by typical ectomycorrhizal fungi. The ectomycorrhizal association produces minor changes in the root morphology. The mantle surrounding the root is absent. There are two mycelial networks, one on outer side and one internal. The orchids have endomycorrhiza which is called Glomerate-endomycorrhizal association of a different type. Ectendo-mycorrhizae are characterized by presence of a mantle and mycelium penetrating the root cells.

VAM: Vital for soil management

Vesicular arbuscular mycorrhizal (VAM) fungi are ubiquitous soil microbes and are found associated with crop plants, forest plants and other plants. These fungi are not host specific but differ in their characteristic association with host rhizosphere. VAM has been reported from 1000 genera of plants representing some 200 families. Pinaceae, Orchidaceae and Caesalpiniaceae do not have VAM. Vamycorrhizae are formed by non-separate zygomycetous fungi belonging to the genera *Glomus, Gigaspora, Acaulospora, Enterophospora*, *Sclerocystis* and *Scutellospore*. The fungi being obligate biotrophs, do not grow on synthetic media and hence are classified according to the morphological characteristics of the spores formed in the soil. Spores are present in dormant stage in soil. Surface wall layer spores seen under scanning electron

microscope may help to identify a species. Endomychorriza has been considered as biological enigma.

- Ecology of VAM: The distribution and occurrence of VAM differ both qualitatively as well as quantitatively with the change in edaphic factors and the type of vegetation. The pH of soil plays an important role; same pH may not be equally good for all. The number of spores in soil is also influenced by the season. Maximum number of spores is encountered during July-October. The number of VAM spore also varies with depth of soil and altitude.

- VAM multiplication: VAM fungi may produce zygospore, azygospore or chlamydospore. Most VAM fungi sporulate outside the plant roots in soil. However, there are 10 species of *Glomus* which possibly sporulate in root.

Soil inoculum is produced in traditional "Pot-Culture". Rhodes grass was found to be the best host. *Sphagnum* moss peat and nutrient film technique channels can be used for VAM culture. Large scale inoculum can be produced by aeroponics or tissue culture of root also. Expanded clay aggregates have been used for mass multiplying VAM fungi in Germany. Axenic culture of VAM (*Glomus aggregatum*) associated with *Cymbopogon martini* var. *motia*) has also been tried.

- VAM in agriculture and forestry: The effect of VAM on plant growth and yield has been extensively studied in relation to economically important plants like rice, jowar, pearl millet, soybean, groundnut barley, sunflower and ginger. A combination of legumes, rhizobia and mycorrhizal fungus brings a significant improvement in plant growth through increased availability of phosphorus together with nitrogen fixation in soil. Nitrogen fixing microbes interact with VAM fungi producing synergistic effects. The combination may prove the cheapest way to enrich tropical soil with nitrogen. Indigenous VAM stimulated growth in mung, green gram (*Phaseoulus aureus)* and Urad bean in pot culture. Mycorrhizal fungi in agroforestry has been found useful for *Acacia nilotica, Prosopis cineraria, Proposis juliflora*, *Acacia famensiana*, tissue culture raised plants of edible bamboo (*Dendrocalamus*).

- Improved productivity in medicinal plants: Plant can serve as factories for the production of vital medicinal compounds. The effect of 3 *Glomus* isolates on neem seedlings has been reported. Organics amendment with *Calotropis* has been found useful for *Glomus fasciculatum* in improving the yields of alkaloid in *Catharanthus roseus.*

- VAM as disease-control agent: *Fusarium* disease severity in *Albizia procera* and *Dalbergia sissoo* was significantly reduced when inoculated with mycorrhizal fungi. VAM

formed by *Gigaspora* exerted an inhibitory effect on the development of pigeon pea blight caused by *Phytophthora drechsleri f. sp. cajani.* The addition of *G. fasciculatum* together with the pathogen *S. rolfsii* nullified the effect of the pathogen in peanut. Yields of two varieties of gram in the presence of fungicide metalyxyl increased when *Glomus* spp. were present. *Glomus lates* reduced the percentage of *Fusarium* infection in tomato and Capsicum roots at different rates. Not only fungi but some viruses too are known to be inhibited by VAM fungi.

पराबैंगनी विकिरण, ओजोन परत और हमारा पर्यावरण

डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, डॉ. नसीर मोहम्मद एवं ट्रीसा हेमल्टन

संगणक एवं सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग/आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन प्रभाग
उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

पिछले कुछ दशकों से पराबैंगनी विकिरण में हो रही वृद्धी का पर्यावरण पर अत्यंत विनाशकारी प्रभाव पड़ रहा है । पूरी दुनिया में उभयचर आबादी (एम्फिबिऑन पॉपुलेशन) बढ़ते पराबैंगनी विकिरण के प्रभाव के कारण नष्ट हो रही है क्योंकि वैज्ञानिकों का ऐसा मानना है कि उभयचर अण्डे पारदर्शी एवं अत्यंत संवेदनशील होते हैं । पराबैंगनी विकिरण बी के बढते स्तर के फलस्वरूप पौधों में प्रकाश संश्लेषण की गतिवविधी में कमी आ रही है । प्रकाश संश्लेषण भोजन चक्र का एक महत्वपूर्ण आंतरिक भाग है जिसके द्वारा पौधे जल और सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में शर्करा का निर्माण कर सकते है । पौधों की इस क्षमता का पतन उनके लिए विनाशकारी साबित हो रहा है । आनुवांशिकी अभियांत्रिकी द्वारा पराबैंगनी विकिरण बी प्रतिरोधी पौधे विकसित करने का दावा किया गया है । परंतु पराबैंगनी विकिरण बी प्रतिरोधी पौधे विकसित होने से वातारण में पारिस्थितिकी असंतुलन होने का खतरा भी हो सकता है ।

पृथ्वी पर जीवन के लिए वायुमंडल में विभिन्न गैसों का संतुलन महत्त्वपूर्ण है। अन्य गैसों के समान ओज़ोन भी जीवन की गतिशीलता में आवश्यक भूमिका निभाती है। ओज़ोन गैस पृथ्वी के वायुमंडल के ऊपरी हिस्से में एक ऐसा आवरण बनाती है जिससे अंतरिक्ष से पृथ्वी की सतह की ओर आने वाला हानिकारक पराबैंगनी विकिरण ऊपरी वायुमंडल में ही रुक जाता है। इस प्रकार धरती के जीव-जंतु हानिकारक पराबैंगनी विकिरण के कुप्रभाव से बचे रहते हैं । लेकिन आज पृथ्वी पर विभिन्न जीवन-सहायक कारकों का संतुलन बिगड़ रहा है और ओज़ोन आवरण भी झीना होता जा रहा है। ओज़ोन आवरण के पतले होने के



कारण पृथ्वी पर हानिकारक पराबैंगनी विकिरण की अधिक मात्रा पहुंच सकती है। इसके परिणामस्वरूप त्वचा रोग एवं कैंसर जैसी विकृतियों में वृद्धि होने की संभावना है। असल में ओज़ोन आवरण के झीनेपन का सम्बंध वायुमंडल में हाइड्रो क्लोरोफ्लोरो कार्बन व अन्य हानिकारक रसायनों की मात्रा में वृद्धि से है। इन तत्त्वों का रिसाव रेफ्रिजरेटर, एयरकंडीशनर, स्प्रे व कुछ औद्योगिक कार्यों से होता है । जहां एक ओर ओज़ोन गैस ऊपरी वायुमंडल में ओज़ोन आवरण के रूप में जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है वहीं धरती की सतह पर वायुमंडल में इसकी अधिक मात्रा हानिकारक हो सकती है । ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी) ने देश में बढ़ते ओज़ोन के स्तर के बारे में आगाह किया है । टेरी को 2010 में भारत

के कुछ बड़े शहरों में हवा की गुणवत्ता सम्बंधी आंकड़ों के अध्ययन से ये परिणाम मिले हैं। टेरी ने चिंता जाहिर की है कि यदि 2030 तक ऐसा ही चलता रहा तो ओज़ोन और कण पदार्थ, दोनों ही उच्च स्तर तक पहुंच जाएंगे।

ऐसा माना जाता है कि पृथ्वी के निर्माण के प्रारंभिक दिनों में यहां पर पराबैंगनी किरणों (अल्ट्रा वायलट रे) की बरसात होती थी। इसलिए पृथ्वी पर जीवन असंभव था। उस समय वायुमंडल में आक्सीजन बहुत कम मात्रा में थी।

समय के साथ-साथ आक्सीजन की मात्रा बढ़ती गई और यह अल्ट्रा वायलट किरणें आक्सीजन को ओजोन में बदलने लगी। पृथ्वी के चारों ओर स्थित समतापमंडल (स्ट्रैटोस्फीयर) में अरबों टन ओजोन गैस जमा हो चुकी है। यदि यह न हो तो सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी पर मनुष्य , पशु, पक्षी समाप्त हो सकते हैं। मानवजाति के लिए औद्योगिक क्रांति जहां एक ओर वरदान साबित हुई है, वहीं दूसरी ओर यह उनके विनाश का कारण भी बनी हुई है। ओजोन परत के तेजी से हो रहे क्षरण के फलस्वरूप मानव जीवन के अस्तित्व पर मंडरा रहे खतरे को लेकर पूरा विश्व चिंतित है।



कुछ भाग ओजोन परत द्वारा अवशोषित कुछ सतह पर पहुँचा।

सम्पूर्ण सतह पर पहुँचा।

पराबैंगनी किरणें दृष्टिगोचर प्रकाश में लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला और बैंगनी रंग दिखाई पड़ते हैं। यदि सूर्य की किरणों को किसी त्रिपार्श्व (प्रिज्म) से होकर एक सफेद पर्दे पर पड़ने दिया जाये तो इन सात रंगों की पट्टी पर्दे पर दिखाई पड़ने लगती है। इस पट्टी को वर्णक्रम कहा जाता है। आजकल यह माना जाता है कि सभी वर्णों की किरणें विद्युतबकीय तरंगें हैं। लाल रंग की रश्मियों या विकिरण का तरंगदैर्ध्य लगभग 7,000 ऋरू और बैंगनी रंग की रश्मियों का लगभग 4,000 ऋरू होता है। सूर्य के प्रकाश तथा अन्य प्रकाशस्त्रोतों से ऐसी किरणें भी निकलती हैं जो आँखों से देखी नहीं जा सकती हैं। जिन अदृश्य किरणों का तरंगदैर्ध्य 4,000 ऋरू से कम होता है, उन्हें पराबैंगनी किरणें कहा जाता है। ये किरणें फोटो-प्लेट या फिल्म को प्रभावित करती हैं। इनकी खोज इसी गुण के आधार पर सन् 1801 ई. में जे.डब्ल्यू. रिटर ने की थी। सन् 1862 ई. में जी.जी. स्टोक्स ने इन किरणों के कई गुणों का पता लगाया था। इनका विशेष अध्ययन करनेवाले वैज्ञानिकों में मैस्कार्ट, थियोडोर लाइमन और रौलैंड के नाम मुख्य हैं।

सूर्य के अतिरिक्त विद्युत् आर्क, विद्युत् स्पार्क और विद्युद्विसर्जन से भी पराबैंगनी किरणें निकलती हैं। सूर्य से निकलनेवाली पराबैंगनी रश्मियों को वायुमंडल का ऑक्सीजन गैल शोषित कर लेता है और वे पृथ्वी तक नहीं पहुँच पातीं। शीशा भी इन किरणों को पूर्णत: शोषित कर लेता है, किंतु क्वार्ट्ज़, या स्फटिक 1,850 ऋरू तक की पराबैंगनी किरणों के लिए पारदर्शक होता है। 2,000 ऋरू से 1,800 ऋरू तक की किरणों को निर्वात पराबैंगनी कहते हैं। ये किरणें आँखों तथा शरीर के अन्य कोमल तंतुओं के लिए हानिकारक होती है। बहुत से पदार्थ इन किरणों को सोखकर दृश्य प्रकाश देने लगते हैं। इसी गुण का उपयोग करके प्रतिदीप्ति लैंप बनाए जाते हैं। कीटाणुनाशक होने से चिकित्सा विज्ञान में भी इन किरणों को प्रयोग होता है। ये आँख से नहीं दिखाई देतीं, परंतु स्वस्थ युवा आँखों में हलके नीले रंग की अनुभूति पैदा करती हैं।

समुद्री जीवन को भी धरती के बढ़ते तापमान और वायुमंडल में बढ़ रहे कार्बन के अलावा पराबैंगनी (यूवी) विकिरण से भी खतरा है। अंतर्राष्ट्रीय शोधकर्ताओं के अनुसार पराबैंगनी विकिरण समुद्री जीवों और पौधों के लिए खतरा पैदा कर रहा है। समुद्री जीवन विशेषज्ञों ने दुनियाभर में समुद्री जीवों पर हुए 1784 प्रयोगों का गहनता से अध्ययन कर पराबैंगनी बी विकिरण (यूवीबी) के हानिकारक प्रभावों की मात्रा का मूल्यांकन किया। विज्ञान पत्रिका 'ग्लोबल इकोलॉजी एंड बायोजियोग्राफी' के अनुसार अभी तक पराबैंगनी विकिरण का समुद्री जीवन पर हानिकारक प्रभावों का अध्ययन नहीं किया गया था। विश्वविद्यालय के बयान के मुताबिक पराबैंगनी विकिरण से सबसे अधिक प्रभावित होने वाले समुद्री जीवों में प्रोटिस्टा (शैवाल), सीप, क्रसटेशियन, मछली के लार्वा और अंडे शामिल हैं। 1970 के दशक से फ्लोरोकार्बन यौगिकों के निरंतर उत्सर्जन के कारण ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पराबैंगनी विकिरण का स्तर बढ़ रहा है। यह विशेष रूप से दक्षिणी गोलार्ध में हो रहा है। ओशियंस इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं शोध के सह-लेखक प्रोफेसर कार्लोस डूआर्टे ने कहा कि पराबैंगनी विकिरण के बढ़ते प्रभावों का अध्ययन दो प्रमुख भ्रांतियों के कारण सम्भव नहीं हो सका जिनमें एक यह थी कि मांट्रियल प्रोटोकाल ओजोन परत के विषय में है और दूसरा कि पराबैंगनी विकिरण का प्रभाव समुद्र के भीतर नहीं होता।

ओजोन परत के बारे में लोग आम तौर पर भले ही ज्यादा न जानते हों लेकिन यह पृथ्वी और पर्यावरण के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह कार्य करती है तथा इसे सूर्य की खतरनाक पराबैंगनी किरणों से बचाती है। 'द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट' के अनुसार ओजोन परत बहुत ही महत्वपूर्ण है जो सूर्य की खतरनाक पराबैंगनी यू. वी. किरणों से हमारी रक्षा करती है। उनके अनुसार बिना ओजोन परत के हम जिंदा नहीं रह सकते क्योंकि इन किरणों के कारण कैंसर, फसलों को नुकसान और समुद्री जीवों को खतरा पैदा हो सकता है और ओजोन परत इन्हीं

पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है। आस्ट्रेलिया का उदाहरण हमारे सामने हैं , जहां ओजोन परत को काफी नुकसान पहुंचा है । इसी नुकसान की वजह से सूर्य की पराबैंगनी किरणों से बड़ी संख्या में वहां लोग त्वचा के कैंसर का शिकार हुए हैं । एक अन्य खतरा इसके कारण ध्रुवों के पिघलने का है। अंटार्कटिका में ओजोन में एक बड़ा छेद हो गया है। अंटार्कटिका क्षेत्र में बड़े हिमखंड हैं। यदि ये हिमखंड पिघलते हैं तो तटीय क्षेत्रों में बाढ़ सहित कई खतरे पैदा हो सकते हैं। इसके अलावा गर्मी भी बढ़ेगी जो नुकसानदायी होगी । ओजोन परत के क्षरण के लिए क्लोरीन और ब्रोमीन के अणु जिम्मेदार हैं। जब इन अणुओं से युक्त गैसे पर्यावरण में छोड़ी जाती हैं तो ये कालांतर में ओजोन परत के क्षरण का कारण बनती हैं। ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाली सबसे आम हैलोजन गैस क्लोरोफ्लोरो कार्बन है जिसे सी.एफ.सी. के नाम से भी जाना जाता है। इसे बचाने के लिए सबसे पहले तो जरूरी है कि लोग ओजोन परत और इसके संरक्षण को लेकर जागरूक हों । सभी लोगों को उन पदार्थों और उनके नुकसान को लेकर जागरूक रहना चाहिए जो इस परत को नुकसान पहुंचाते हैं। कई आसान तरीके हैं जिन्हें अपनाकर ओजोन परत को बचाया जा सकता है जैसे पर्यावरण मित्र उत्पादों का इस्तेमाल करना, एयरोसोल और अन्य सीएफसी से युक्त चीजों के उपयोग से बचना, पौधारोपण को बढ़ावा देना, यदि फ़्रीजर और वातानुकूलक काम नहीं कर रहा तो उसे ठीक करवाना आदि । इस तरह की कई छोटी छोटी बाते हैं जिनका ध्यान रखकर ओजोन परत को बचाने में योगदान दिया जा सकता है । उल्लेखनीय है कि ओजोन परत तकरीबन 97 से 99 प्रतिशत तक पराबैंगनी किरणों का अवशोषण करती है । इसके संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मांट्रियल प्रोटोकॉल के अनुसार 16 सितंबर को ओजोन दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

ओजोन एक हल्के नीले रंग की गैस है। यह आक्सीजन के तीन परमाणुओं का यौगिक है। वातावरण के ऊपरी भाग में सूर्य की उच्च घनत्व वाली पराबैंगनी किरणों से क्रिया करके आक्सीजन के तीनों परमाणु एक साथ जुड़ जाते हैं। यह गैस एटमॉस्फियर, ट्रोपोस्फियर एवं स्ट्रैटोस्फियर में एक समान रूप में पायी जाती है। ओजोन परत जमीन से 10 किलोमीटर से 50 किलोमीटर की ऊंचाई के बीच स्ट्रैटोस्फीयर में पायी जाती है। इस ऊंचाई पर वायु में ओजोन का अनुपात पृथ्वी के वातावरण में पाये गए अनुपात से अधिक होता है । यह गैस सूर्य की पराबैंगनी-विकिरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर का काम करती है। सूर्य की किरणों के अदृश्य भाग में अत्यधिक ऊर्जा वाली पराबैंगनी-सी (220-280 नैनोमीटर), पराबैंगनी-बी (280-320 नैनोमीटर) तथा पराबैंगनी- ए (320-400 नैनोमीटर) किरणें होती हैं । पराबैंगनी बी और सी जीवन के लिए खतरनाक है । स्ट्रैटोस्फीयर में स्थित ओजोन परत पराबैंगनी-सी का अधिकांश भाग रोक देती है और केवल 2-3 प्रतिशत भाग पृथ्वी की सतह तक पहुंच पाता है ।

ओजोन परत में अगर कोई क्षति पहुंचती है तो पृथ्वी की सतह पर पराबैंगनी बी और सी की अधिक किरणें पहुंचेगी, जिसके परिणाम भयंकर होंगे। वैज्ञानिकों का कहना है कि ओजोन परत के नष्ट होने से सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों की बढती मात्रा के कारण धरती वीरान और बंजर हो सकती है। यह विकिरण वर्षा , वृक्ष-वनस्पतियों से लेकर जीव-जन्तुओं तक को समान रूप से हानि पहुंचाती है। मनुष्य में इससे आंख की बीमारियां व कैंसर जैसे असाध्य रोग से लेकर अंधेपन तक की स्थिति आ सकती है। इसके सीधे संपर्क में आने से मुनष्यों में त्वचा कैंसर की संभावना बढ सकती है। इस किरण की मारक क्षमता कितनी अपार है, इसका अंदाजा इसी से लग सकता है कि समुद्र तल की वनस्पतियों को भी यह प्रभावित कर सकती है । मौसम वैज्ञानिकों का यहां तक कहना है कि इससे वायुमंडलीय तापमान बढ ज़ाएगा , जिससे बर्फ पिघलने लग जाएगी और समुद्री जलस्तर ब ढ़ने से जल प्रलय जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ओजोन परत अपने आप बनती और बिगड़ती है। यह एक सतत् नियम है। इससे ओजोन का संतुलन बना रहता है।



औद्योगिक युग की शुरूआत के साथ ही ओजोन परत की क्षति की प्रक्रिया भी शुरू हुई। सर्वप्रथम, कैलीफोर्निया विश्वविद्यालय के दो रसायनशास्त्री मारियो मोलाइना तथा रोअरवुड रोलेन्ड ने क्लोरोफ्लोरो कार्बन (सी एफ सी) नामक रसायन की खोज की थी। उन्होंने पता लगाया था कि ओजोन जैसे धरती के रक्षा कवच को सर्वाधिक हानि पहुंचने वाला यही पदार्थ है। परन्तु अमेरिका ने सबसे पहले इस रसायन का प्रयोग एयर कंडीशनरों, रेफ्रीजरेटरों जैसे विलासिता के अत्याधुनिक यंत्रों के निर्माण में किया। बाद में अन्य पश्चिमी देशों-- इंग्लैंड, जर्मनी, फ्रांस ने भी इसका अंधाधुंध प्रयोग करना शुरू कर दिया।

मनुष्य के कुछ क्रिया-कलापों के फलस्वरूप निकलने वाले रसायन ओजोन परत को क्षति पहुंचा रहे हैं। इन रसायनों को ओजोन क्षरण पदार्थ (ओ.डी.एस.) कहते हैं। इनका उपयोग रेफ्रिजरेटरों और प्रशीतन उपकरणों के अतिरिक्त छिड़काव , दाबीकृत प्रसाधनों और स्वास्थ्य उत्पादों, फोम के निर्माण , उद्योगों में सूक्ष्म मार्जन कार्यों और लदान पूर्व प्रक्रियाओं में भी किया जाता है। इसके अतिरिक्त सुपरसोनिक विमान उस ऊंचाई पर उड़ते हैं जो सुरक्षात्मक ओजोन परत को नुकसान पहुंचाते हैं। इंजन के उच्च तापमान के कारण, नाइट्रोजन और आक्सीजन मिलकर नाइट्रिक आक्साइड बनाते हैं , जो ओजोन परत को हानि पहुंचाता है। होमोफ्लुरोकार्बन (हैलोन) रसायन पदार्थ जो आग बुझाने में काम आता है तथा मिथाइल ब्रोमाइड भी ओजोन को नुकसान पहुंचाता है। कार्बन टेट्राक्लोराइड तथा ट्राइक्लोरेथेन दो अन्य रसायन हैं , जिनमें क्लोरीन पाया जाता है , जो काफी हद तक निष्क्रिय अवस्था में स्ट्रैटोस्फीयर में पहुंच जाता है , जहां पर यह ओजोन परत को हानि पहुंचा सकता है।

ओजोन परत बचाने की शुरूआत सर्वप्रथम सन् 1972 में स्टॉकहोम में हुए प्रथम संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सम्मेलन से हुई। इस सम्मेलन में सैकड़ों सुपरसोनिक विमानों द्वारा ओजोन परत को होने वाली क्षति पर ध्यान देने का निर्णय लिया गया। ओजोन परत की क्षति के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहली कार्यवाही के रूप में वर्ष 1977 में वाशिंगटन में 32 देशों की एक बैठक हुई, जिसमें ओजोन परत की सुरक्षा के लिए एक कार्य योजना को अपनाया गया। अंटार्कटिका के ऊपर स्थित ओजोन परत की भारी क्षति के बारे में जानकारी 1985 के वियना सम्मेलन में दी गई। इस सम्मेलन में निर्णय किया गया था कि विश्व के सब देश ओजोन पर रसायनों का

प्रभाव तथा इसके मनुष्य के स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव की सूचना का आदान-प्रदान करेंगे।

ओजोन परत को बचाने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण सम्मेलन कनाडा के शहर मांट्रियल में सितम्बर 1987 में हुआ। इस सम्मेलन में लिए गए निर्णयों में 1990 में विकासशील देशों को आश्वस्त करने के लिए संशोधन किया गया। इसमें निर्णय लिया गया कि ओजोन को नष्ट करने वाली गैसों का प्रयोग बंद कर दिया जाए। यह भी निर्णय लिया गया कि ओजोन को नुकसान पहुंचाने वाली गैसों का उत्पादन और प्रयोग विकासशील देश धीरे-धीरे, परन्तु विकसित देश जल्दी बंद कर दें। इस सम्मेलन में ओजोन के लिए खतरनाक गैसों के स्थान पर दूसरी निरापद गैसों के प्रयोग के लिए विकासशील देशों को आर्थिक सहायता देने की बात कही गई थी। इसके बाद 1992 में डेनमार्क के शहर कोपनहेगन में हुए एक समझौते में ओजोन को नष्ट करने वाली गैसों को जल्दी से जल्दी समाप्त करने की बात कही गई थी।

भारत ने इस समझौते पर 1992 में हस्ताक्षर किये। भारत के दबाव के कारण इसमें एक अनुच्छेद 5 जोड़ा गया था। इस अनुच्छेद के अनुसार ओजोन हानिकारक पदार्थों के प्रति व्यक्ति 300 ग्राम से कम खपत वाले देशों में इन पदार्थों के प्रयोग को बंद करने तथा तकनीकी हस्तांतरण के व्यय को विकसित देशों द्वारा वहन किया जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी वित्तीय संस्थाओं और बैंकों को निर्देश जारी कर ओ.डी.एस तकनीक वाले नए उद्योगों को वित्तीय सहायता देने पर रोक लगा दी है। ओडीएस के आयात और निर्यात को नियमित करने के लिए लाइसेंसिंग प्रणाली शुरू की गई। मांट्रियल संधि का पालन सुनिश्चित करने व कानूनी सुविधा प्रदान करने के लिए ओडीएस नियमन एवं नियंत्रण नियम , 2000 भी अधिसूचित किया गया है। इस नियम के अंतर्गत कुछ आवश्यक दवाइयों के उत्पादन को छोड़कर विभिन्न उत्पादों में पहली जनवरी , 2003 के बाद भी सी एफ़ सी के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी।

ओजोन परत का छिद्र अंटार्कटिका के ऊपर स्थित है। यह सामान्यतः सितम्बर और अक्तूबर के दौरान बढ़ता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 23 जनवरी 1995 को एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें ओजोन की छीजती परत की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करने और इसे सुरक्षित बनाए रखने तथा जन-सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से 16 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। 16 सितम्बर का दिन इसलिए चुना गया क्योंकि इसी दिन 1987 में ओजोन के छीजने के लिए जिम्मेदार पदार्थों को धीरे-धीरे समाप्त करने वाली मांट्रियल संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शनिवार 16 सितम्बर, 1995 को विश्व भर में पहला ओजोन दिवस मनाया गया था। परन्तु मात्र ओजोन परत दिवस मनाने से ही इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास नहीं कहलाए जा सकते हैं । इसके लिए आवश्यकता है विकासशील, विकसित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संघों के बीच आपसी तालमेल की , तभी हमें इस कार्य में सफलता प्राप्त हो सकती है।

अनुसंधान परिणामों से यह ज्ञात हुआ है कि वायुमंडल में छोड़े जानेवाले क्लोरीन और ब्रोमीन युक्त रसायन ओजोन परत को नुकसान पहुंचाते हैं। ओजोन परत के क्षरण से सूरज की पराबैंगनी किरणें समताप मंडल को भेदती हुई सीधे धरती पर पहुंच जाती हैं । ये किरणें मनुष्यों के साथ ही पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं पर घातक प्रभाव डालती हैं। अनुसंधानों के आधार पर मॉन्ट्रियल समझौते की शर्तो में यह तय किया गया कि इस पर हस्ताक्षर करनेवाले देश ओजोन परत को नुकसान पहुंचानेवाले क्लोरो फ्लोरो कार्बन (सीएफसी), हेलोन और कार्बन टेट्रा क्लोराइड जैसे तत्वों को एक निश्चित अवधि में पूरी तरह खत्म कर देंगे। बाद के अध्ययनों में ओजोन परत के लिए हाइड्रो क्लोरो कार्बन को भी घातक पाये जाने के बाद इसे भी एक तय अवधि में खत्म करना तय हुआ।

मॉन्ट्रियल समझौते को वैश्विक स्तर पर अप्रत्याशित समर्थन मिला है । इससे ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों यानी ओडीएस (ओजोन डिप्लेटिंग सब्सटांसेस) को खत्म करने में मदद मिली है । ओडीएस ओजोन परत के ऐसे हानिकारक तत्व हैं, जिनका इस्तेमाल उद्योगों, फार्मा क्षेत्र, वातानुकूलन यंत्रों, फोम, अग्निशमन यंत्रों, धातुओं और कपड़ों की सफाई में तथा फसलों में छिड़काव किये जानेवाले कीटनाशकों और जल्द खराब होने वाली निर्यात की जानेवाली वस्तुओं को सुरक्षित रखने के लिए बड़े पैमाने पर किया जाता है । वैश्विक स्तर पर एक जनवरी, 2010 तक सीएफएस, सीटीसी व हेलोन जैसे घातक रसायनों का उत्पादन और इस्तेमाल पूरी तरह खत्म हो गया । इससे न केवल ओजोन परत को बचाने में मदद मिली है, बल्कि इससे वैश्विक जलवायु तंत्र को भी काफी फायदा पहुंचा है ।

वियना और मॉन्ट्रियल समझौते का हिस्सा बनने के बाद से भारत ओजोन परत के संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चिंताओं में भागीदारी निभाते हुए ओडीएस की कटौती में अहम भूमिका निभा रहा है । वर्ष 1993 से समझौते से जुड़े सभी पक्षों, उद्योगों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं के सक्रिय सहयोग के जरिये भारत में जनवरी, 2010 के बाद से सीएफसी, सीटीसी और हेलोन गैसों का उत्पादन और इस्तेमाल तकरीबन खत्म कर दिया गया है । यद्यपि, फार्मा क्षेत्र में इसके सीमित उपयोग की अनुमति दी गयी है । इसके तहत दमा के मरीजों द्वारा इस्तेमाल किये जानेवाले इन्हेलरों, फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों तथा ऐसे ही अन्य श्वसन संबंधी रोगों के इलाज के लिए भी इनके इस्तेमाल की छूट दी गयी है । हालांकि, इसमें इस्तेमाल होनेवाला सीएफसी असर के लिहाज से ज्यादा घातक नहीं है । भारत में मॉन्ट्रियल समझौते की व्यवस्थाओं की बाध्यता के 17 महीने पहले ही एक अगस्त, 2008 से सीएफसी के उत्पादन पर रोक लगा दी गयी थी । दवा क्षेत्र में इस्तेमाल किया जानेवाला सीएफसी एक विशेष श्रेणी का है । वर्ष 2010 में देश में इस श्रेणी के 343.6 मेगाटन सीएफसी के उत्पादन की अनुमति ली गयी ।देश में दमा रोगियों के लिए अब ऐसे इन्हेलर भी बनाये जा रहे हैं, जिनमें सीएफसी का इस्तेमाल नहीं हो रहा है ।

ओडीएस एक तरह की ग्रीन हाउस गैसें हैं, जिन पर प्रतिबंध के बारे में क्योटो समझौते में कोई व्यवस्था नहीं की गयी थी । अनुमान के मुताबिक, जनवरी, 2010 तक वैश्विक स्तर पर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में 11 गीगा टन तक की कमी आयी है । यह कमी ओडीएस में कटौती की वजह से हुई है । सीएफसी, सीटीसी और हेलोन जैसे ओडीएस को खत्म करने की दिशा में मॉन्ट्रियल समझौते की सफलता को देखते हुए सितंबर, 2007 में समझौते से जुड़े पक्षों की 19वीं बैठक में अगले 10 वर्ष के अंदर एचसीएफसी गैसों को भी खत्म करने का फैसला लिया गया । विकासशील देशों के लिए इसकी सीमा क्रमश: वर्ष 2009 और 2010 में उत्पादन और इस्तेमाल के औसत के आधार पर तय की गयी है । हमारे देश में एचसीएफसी गैसों का उत्पादन और इस्तेमाल जनवरी, 2013 तक घट कर पहले चरण की सीमा पर आ चुका है.

ओजोन परत में हो रहे क्षरण को रोकने के लिए वर्ष 1987 में 24 देशों के प्रतिनिधियों ने मॉन्ट्रियल में बैठक आयोजित की गई । ओजोन परत क्षरण के कारकों पर मॉन्ट्रियल संधि को इतिहास में सबसे सफल अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण संधि के रूप में माना जाता है । वर्तमान में दुनिया के 197 देश मॉन्ट्रियल संधि से जुड़ हुए हैं और ओजोन क्षरण को रोकने के लिए किये गये वैश्विक उपायों में अपनी भूमिका निभा रहे हैं । इस संधि के तमाम सदस्य प्रतिबंधित पदार्थो के उत्पादन और उसके इस्तेमाल के प्रति पूरी तरह से जागरूक और प्रतिबद्ध हैं । वर्ष 1987 में ओजोन परत को नुकसान पहुंचानेवाले 18 लाख टन पदार्थों का उत्पादन होता था, जबकि संधि के 23 वर्ष बाद 2010 तक इसका उत्पादन घट कर 45,000 टन तक आ गया था । इसे संधि की बड़ी उपलब्धि कहा जा सकता है । विभिन्न देशों की सरकारों के सहयोग के बिना इसके उत्पादन में तकरीबन 98 फीसदी की कमी कर पाना मुमकिन नहीं था । साथ ही, वैश्विक

मौसम परिवर्तन जैसी मौजूदा चुनौती से निबटने में भी इसकी बड़ी भूमिका रही है।

